आईआईएम रांची में एनुअल मैनेजमेंट, कल्चरल और स्पोर्टस फेस्ट एगोन रश 2022 का आगाज

तीन दिनों में होंगी 46 प्रतियोगिताएं, देशभर के 16000 स्टूडेंट्स करेंगे शिरकत

सिटी रिपोर्टर | रांची

आईआईएम रांची का एनुअल मैनेजमेंट, कल्चरल व स्पोर्टस फेस्ट एगोन रश 2022 शुक्रवार से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर शुरू हुआ। यह फेस्ट तीन दिनों तक चलेगा। इस बार फेस्ट का थीम अनडिफाइन योर बाउंड्रीज रखा गया है। इसमें कुल मिलाकर 46 प्रतियोगिताएं होंगे। जिसमें देशभर के लगभग 16 हजार प्रतिभागी भाग लेंगे। फेस्ट के पहले दिन इनकेस, पुलूटस, वोरस्टेंड, एस क्विज, बीयर गेम, परीवृद्धी, चेस, कैरम, रम्मी आदि प्रतियोगिता हुए। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर प्रो. शैलेंद्र सिंह, डेलॉयट इंडिया के डायरेक्टर संदीप चटर्जी, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड मैनेजिंग बिजनेस पार्टनर मैथली सारथी, नितिन सिंह आदि उपस्थित रहे। प्रो. शैलेंद्र सिंह ने कार्यक्रम के आयोजन में स्टूडेंट के मेहनत को सराहते हुए कहा कि एगोन रश कार्यक्रम आईआईएम रांची के स्टूडेंट्स की एक पहचान है।

स्टार नाइट आज

फेस्ट में कल्चरल कार्यक्रम भी होंगे। इसके तहत स्टार नाइट का आयोजन किया गया है। जिसमें शनिवार को सिंगर अनुभव जैन परफोर्म करेंगे। वहीं शनिवार को स्टैंडअप कमेडियन रजत चौहान अपने परफॉर्मेंस से सब को हंसाएंगे।

Dainik Bhaskar_05.02.2022_Pg. 05